**Seventeenth Loksabha**

an>

Title: Regarding demand  for direct train between Haridwar and Somnath

**श्री नारणभाई काछड़िया** (**अमरेली**): महोदय, वर्तमान में सोमनाथ से हरिद्वार तक सीधी ट्रेन नहीं होने के कारण मेरे संसदीय क्षेत्र के लोगों को हरिद्वार जैसे पवित्र तीर्थस्थान के दर्शन के लिए बहुत परेशानी उठानी पड़ती है । सोमनाथ से हरिद्वार तक सीधी ट्रेन हो जाने से केवल अमरेली ही नहीं, बल्कि जूनागढ़, भावनगर, राजकोट, गिर-सोमनाथ के लोगों को भी अति सुविधा होगी । इसलिए सोमनाथ से हरिद्वार तक एक सुपरफास्ट ट्रेन चलाने की अत्यंत आवश्यकता है । यह ट्रेन सोमनाथ, जूनागढ़, जैतलसर, अमरेली, ढसा वाया अहमदाबाद होते हुए हरिद्वार तक पहुंचे । महोदय, हमारे संसदीय क्षेत्र से हरिद्वार आने-जाने वाले यात्रियों की संख्या बहुत अधिक है, परन्तु सीधी ट्रेन की सुविधा का अभाव होने के कारण यात्रियों को घूम-फिरकर काफी लम्बी यात्रा तय करनी होती है । इससे समय की बर्बादी के साथ यात्रियों को असुविधा भी होती है । इसलिए यदि सोमनाथ से हरिद्वार तक के लिए सीधी सुपरफास्ट ट्रेन चलाई जाती है तो यह ट्रेन कई धार्मिक स्थलों को जोड़ेगी और महत्वपूर्ण ट्रेन सिद्ध होगी । देश में 12 ज्योतिर्लिंग में से एक सोमनाथ ज्योतिर्लिंग है । यदि वहां से हरिद्वार के लिए ट्रेन चलेगी तो मेरे संसदीय क्षेत्र के अलावा कम से कम पाँच डिस्ट्रिक्टस के 40-50 लाख लोगों को सुविधा होगी और पाँच संसदीय क्षेत्रों को पार करके यह सोमनाथ से हरिद्वार के लिए ट्रेन चलेगी । मैं आपके माध्यम से रेल विभाग से मांग करता हूं कि सोमनाथ से हरिद्वार तक के लिए सीधी ट्रेन चलाई जाए । धन्यवाद ।